संख्या– 46/एक–10– 12(34)/03टीसी–1

प्रेषक,

महेन्द्र सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सीतापुर, जालौन एवं सुल्तानपुर।

राजस्व अनुभाग–10 लखनऊः दिनांक 24 जनवरी, 2020

विषयः वर्ष 2019–20 में शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने हेतु धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्ष 2019–20 में शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के लिये धनावंटन हेतु एम0एच0ए0 के पत्र संख्या–32–7/2014–एन0डी0एम0–1, दिनांक 08 अप्रैल, 2015 द्वारा जारी गाइड लाइन के आइटम नं0–3(क) के प्राविधान–राहत कैम्प में सुरक्षित बचाकर लाये गये व्यक्तियों/शरणार्थियों/प्रभावितों के अस्थायी आवास, भोजन, वस्त्र, चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था किये जाने के आलोक में गृह विहीन/निराश्रित/असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत प्रदान करने हेतु कम्बल क्रय के लिये एवं अलाव जलाने हेतु **रू0 67,11,000/–(रू0 सड़सठ लाख ग्यारह हजार मात्र)** निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निम्न विवरण के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019–20 में आपके निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

**(धनराशि लाख रू0 में)**

| क्रमांक | जनपद का नाम पत्रांक/दिनांक | आपदा मद | कम्बल क्रय किये जाने हेतु स्वीकृत धनराशि | अलाव जलाये जाने हेतु स्वीकृत धनराशि | जनपद हेतु स्वीकृत कुल धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 |
| 1. | सीतापुर, पत्रांकः380, दिनांक–14.01.2020 | शीतलहरी मद सं0–08 | 35.61 | – | 35.61 |
| 2. | जालौन स्थान उरई, पत्रांकः597, दिनांक–16.01.2020 | तदैव | 30.00 | – | 30.00 |
| 3. | सुल्तानपुर, पत्रांकः108, दिनांक–17.01.2020 | तदैव | – | 1.50 | 1.50 |
| योग | | | **65.61** | **1.50** | **67.11** |
| **कुल योग** | | | **(रू0 सड़सठ लाख ग्यारह हजार मात्र)** | | |

(1) उक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019–20 के आय–व्ययक के अनुदान सं0–51 के अंतर्गत लेखाशीर्षक **"2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत–05–स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड–800–अन्यय**

**व्यय–06–स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय–08–शीतलहरी/पाला हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय–42–अन्य व्यय"** के नामे डाला जायेगा।

2 शासनादेश संख्या–528/एक–10–2019, 12(34)/03 टीसी–1, दिनांक 08.11.2019 में उल्लिखित शर्तें यथावत रहेंगी।

भवदीय,

(महेन्द्र सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या–46(1)/एक–10–2020–12(34)/03 टीसी–।, तद्दिनांक।

प्रतिलिपित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)– प्रथम/आडिट प्रथम, प्रयागराज, उ0प्र0।
2– सम्बन्धित मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3– सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
4– स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव उ0प्र0।
5– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद्, उ0प्र0 लखनऊ।
6– वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी योजना भवन, लखनऊ को राहत की वेबसाइट एचटीटीपी//राहत.यू0पी0.एनआईसी.इन पर अपलोड किये जाने हेतु ।
7– वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, राहत आयुक्त कार्यालय, लाल बहादुर शास्त्री भवन, लखनऊ, उ0प्र0।
8– सम्बन्धित जनपदो के मुख्य कोषाधिकारी/ कोषाधिकारी, उ0प्र0।
9– वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–5
10– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कपिल कुमार कटियार)
अनु सचिव।

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2019-2020**
**आवंटन दिनांक-24/01/2020**

**प्रेषण संख्या:-** 46
**आवंटन आदेश संख्या:-** 122-33
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2019-2020 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड से व्यय
08 - शीत लहरी / पाला से राहत हेतु स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जालौन-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 3000000<br>8550000 | 3000000<br>8550000 |
| 2 | सीतापुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 3561000<br>11211000 | 3561000<br>11211000 |
| 3 | सुल्तानपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 150000<br>5700000 | 150000<br>5700000 |
| | **योग** | वर्तमान<br>प्रगामी | 6711000<br>25461000 | 6711000<br>25461000 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया सरसठ लाख ग्यारह हजार
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया दो करोड़ चौवन लाख इकसठ हजार

(उमेश कुमार उपाध्याय)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

(उमेश कुमार उपाध्याय)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी
राहत आयुक्त संगठन
उ०प्र० शासन